# निगम ने नाली के उपर से अवैध अतिक्रमण को हटाया

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड क्रं. 32 जे. पी. नगर के स्थानीय नागरिकों एवं दुकान संचालकों द्वारा नाली के उपर ढलाई कर अतिक्रमण कर लिया गया था। स्वास्थ्य विभाग का अमला नालियों की सफाई करते है, तो नाली के उपर ढलाई कर देने से नालियों की सफाई नहीं हो पाती है। जिसके कारण पानी भराव जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है और पानी का बहाव नहीं हो पाता है। इस संबंध में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को ज्ञात हुआ तो उन्होने जोन 03 के राजस्व विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किए। मौके पर जाकर निरीक्षण करें और नाली के उपर से कब्जा मुक्त करावें। निर्देश प्राप्त होते ही जोन की टीम स्थल पर पहुंचकर जे.सी.बी के माध्यम से नाली के उपर से अवैध अतिक्रमण को तोड़कर नाली को रिक्त कराया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे सहित निगम के तोड़फोड़ दस्ता की टीम उपस्थिति रहे।

